प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

21 मार्च 2024

वित्तीय साक्षरता आइडियाथॉन – समय-सीमा बढ़ाना

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 26 फरवरी 2024 को स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता आइडियाथॉन की घोषणा की थी, जिसमें प्रविष्टियां जमा करने की समय-सीमा 20 मार्च 2024 थी। समय-सीमा को बढ़ाने के लिए प्राप्त अनुरोधों के मद्देनज़र, भारतीय रिज़र्व बैंक, आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2024 तक बढ़ाने की सहर्ष घोषणा करता है।

2. इसके अतिरिक्त, आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और निरंतरता बनाए रखने के लिए, प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि:

i) प्रस्तुतियाँ टाइप की हुई होनी चाहिए और इसे ऑनलाइन या डाक द्वारा प्रस्तुत की जा सकती है।
ii) प्रत्येक प्रविष्टि के साथ संबंधित कॉलेज/ संस्थान का आईडी कार्ड होना चाहिए।

3. वित्तीय साक्षरता आइडियाथॉन युवाओं के बीच वित्तीय साक्षरता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समय-सीमा को बढ़ाने का हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने और वित्तीय साक्षरता से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने के लिए उनके रचनात्मक समाधानों द्वारा योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

4. आयोजन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया ब्रोशर देखें।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/2083